बिहार विधान सभा सचिवालय

पत्र संख्या-जन सं०-38/2015- /वि०स० ।

प्रेषक,

सुनील कुमार,
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक,
दैनिक भास्कर, हिन्दी दैनिक, बिहार, पटना ।

पटना, दिनांक- नवम्बर, 2015 ई० ।

विषय :- षोडश बिहार विधान सभा के प्रथम सत्र के आवश्यक सूचना से संबंधित विज्ञापन ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक विज्ञापन सामग्री संलग्न करते हुए निदेशानुसार अनुरोध है कि इसे आप बिहार राज्य से प्रकाशित होने वाले अपने समाचार पत्र दिनांक-29 नवम्बर, 2015 के अंक में निम्नलिखित शर्त्तों के अधीन प्रकाशित करने की कृपा करें :-

1. अपने समाचार पत्र के लिए डी.ए.वी.पी. दर निर्धारित हो जाने की स्थिति में इसकी प्रति विपत्र के साथ अवश्य संलग्न की जाय ।
2. विज्ञापन प्रकाशन के सात दिनों के अंदर निश्चित रूप से विज्ञापित अंक के साथ विपत्र की तीन प्रतियाँ, प्रथम प्रति पर रसीदी टिकट साटकर सभा सचिवालय को भेज दें ।
3. विज्ञापन 12 से०मी० x 10 से०मी० आकार में होना चाहिए ।
4. विज्ञापन प्रकाशन के उपरान्त विज्ञापन अंक की प्रति तत्काल सभा सचिवालय को भेज दें ।
5. इस विज्ञापन के लिए आपको बिहार सरकार द्वारा निर्धारित दर अंक 49.14/रूपये (उनचास रूपये चौदह पैसे मात्र) प्रति वर्ग से.मी. की दर से भुगतान किया जायेगा ।

विश्वासभाजन

ह०/-

(सुनील कुमार)
अवर सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या:- जनसंपर्क 38/2015 2118 /वि०स०, पटना, दिनांक- 27 नवम्बर, 2015 ई० ।

प्रति:- अवर सचिव, श्रव्य एवं दृश्य इकाई, बिहार विधान सभा, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

अनुरोध है कि संलग्न विज्ञापन को दिनांक-29 नवम्बर, 2015 को बिहार विधान सभा की वेबसाईट पर अपलोड कराने संबंधी कार्रवाई करने की कृपा की जाय ।

27.11.15

(सुनील कुमार)
अवर सचिव, बिहार विधान सभा, पटना ।

बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

षोडश बिहार विधान सभा का प्रथम सत्र दिनांक- 30 नवम्बर, 2015 से प्रारम्भ होकर दिनांक 08 दिसम्बर, 2015 तक चलने का कार्यक्रम है । इस दौरान 30 नवम्बर एवं 01 दिसम्बर, 2015 को माननीय सदस्यों के शपथ ग्रहण / प्रतिज्ञान के पश्चात् दिनांक 02 दिसम्बर, 2015 को अध्यक्ष, बिहार विधान सभा का निर्वाचन होगा । सदन की कार्यवाहियों का सीधा वेबकास्टिंग भी किया जायेगा, जिसे http://webcast.gov.in/biharvs तथा www.vidhansabha.bih.nic.in पर देखा जा सकता है । साथ ही सत्र के दौरान प्रश्नकाल सहित सदन की अन्य महत्वपूर्ण कार्यवाहियों का प्रसारण डीडी बिहार चैनल, दूरदर्शन केन्द्र, पटना एवं आकाशवाणी, केंद्र, पटना से किया जायेगा ।

अत: नव-निर्वाचित माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि दिनांक 30 नवम्बर, 2015 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में शपथ ग्रहण के लिए निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के साथ बिहार विधान सभा में उपस्थित होने की कृपा करें ।

सत्र के दौरान बिहार विधान मंडल परिसर में बाहरी व्यक्तियों एवं अनधिकृत वाहनों का प्रवेश अवांछनीय तथा निषिद्ध है । अतएव लिखित अनुमति अथवा प्रवेश-पत्र प्राप्त किये बिना कोई भी बाहरी व्यक्ति बिहार विधान मंडल की परिसीमा में प्रवेश नहीं करें । सुरक्षा कारणों से बिहार विधान मंडल के पूर्वी मुख्य द्वार (गेट नं०-9 एवं 10) ही प्रवेश के लिए खुले रहेंगे । माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि सत्र के दौरान विधान मंडल परिसर में अपने साथ अंगरक्षक या किसी अन्य व्यक्ति को न लाने, सुरक्षा जाँच में सहयोग करते हुए सत्रकाल में काला शीशायुक्त वाहन का प्रयोग नहीं करने, सुरक्षाकर्मियों द्वारा मांगे जाने पर अपना प्रमाण-पत्र अवश्य दिखलाने तथा सत्र से संबंधित सामग्री ही साथ लाने की कृपा करें ।

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।